




# इंदौर में क्रिसमस की रौनक, बाजार सजे, चर्चों में विशेष प्रार्थना की तैयारी

**इंदौर.** क्रिसमस पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है. प्रमुख बाजारों में क्रिसमस ट्री, सजावटी लाइट्स, सांता क्लॉज़ की टोपी, केक और उपहारों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ नजर आ रही है. बच्चों से लेकर बड़ों तक में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है. शहर के चर्चों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. 24 दिसंबर की रात को चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा (मिडनाइट मास) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. चर्च परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है. प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। क्रिसमस के मौके पर इंदौर शहर आपसी भाईचारे और उल्लास के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है.

### चर्चों में की गई आकर्षक और भव्य सजावट

ईसाई समाज द्वारा 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा. इसके एक दिन पूर्व मध्य रात्रि आराधना महोत्सव मनाया जाएगा. पर्व को लेकर गिरिजाघरों में आकर्षक सजावट की गई है। माता की गोद में प्रभु यीशु की झांकियां भी सजाई गई हैं.

## एक नजर में

### डी.पी. ज्वैलर्स का चेन और बैंगल फेस्टिवल

**इंदौर.** फेस्टिव सीज़न की रौनक को और खास बनाते हुए डी.पी. ज्वैलर्स ने इंदौर में अपने विशेष चेन और बैंगल फेस्टिवल के आयोजन की घोषणा की है. यह फेस्टिवल 23 दिसंबर से 7 जनवरी तक ब्रांड के इंदौर स्टोर में आयोजित किया जाएगा. यह फेस्टिवल चेन और बैंगल्स की टाइमलेस अपील और रोज़मर्रा की एलिगेंस का उत्सव है, जिसमें पारंपरिक कारीगरी और कंटेम्पररी डिज़ाइन का सुंदर संगम देखने को मिलेगा. फेस्टिवल के दौरान सोने, हीरे और प्लैटिनम से बनी चेन और बैंगल्स की एक क्यूरेटेड रेंज प्रदर्शित की जाएगी. हर डिज़ाइन डी.पी. ज्वैलर्स की सिग्नेचर कारीगरी, उच्च गुणवत्ता और स्थायी सुंदरता को दर्शाता है. इस आयोजन का मुख्य आकर्षण इसका विशेष चेन और बैंगल्स का प्रीव्यू कलेक्शन है, जो इसे ब्रांड के रेगुलर इन-स्टोर ऑफ़र से अलग पहचान देता है। फेस्टिव शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए लाइव कस्टमाइज़ेशन स्टेशन और एक्सपर्ट स्टाइलिंग सेशन की भी व्यवस्था की गई है.

### रैम्प योजना में एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल का मैसूरु दौरा

**इंदौर.** मध्य प्रदेश के गेहूं प्रसंस्करण एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े 24 एमएसएमई प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल 25 दिसंबर तक केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूरु में एक्सपोज़र विज़िट सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहा.है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई मंत्रालय) की रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसे विश्व बैंक का सहयोग प्राप्त है. मध्य प्रदेश में रैम्प योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम है, जो एमएसएमई विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के अंतर्गत कार्यरत है. इस कार्यक्रम को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में सुगम बनाया जा रहा है. इस एक्सपोज़र विज़िट सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य गेहूं आधारित खाद्य प्रसंस्करण में संलग्न एमएसएमई इकाइयों की तकनीकी जानकारी, प्रसंस्करण दक्षता, गुणवत्ता मानकों तथा नवाचार क्षमताओं को सुदृढ़ करना है.

### किडजी ने दो ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज़ लांच की

**इंदौर.** किडजी ने आज अपनी पहली दो ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज़ छोटे तारा का बड़ा गदर और फेब 5 को लॉन्च करके बच्चों के मनोरंजन के क्षेत्र में एक बड़े विस्तार की घोषणा की. ये नई सीरीज़ भारतीय कहानियों, कल्पनाशीलता और मूल्यों को आधुनिक अंदाज़ में बच्चों और परिवारों के लिए पेश करेंगी. तारा का बड़ा गदर का प्रीमियर 24 दिसंबर को किडजी पर किया जाएगा, जबकि फेब 5 जल्द ही प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ की जाएगी।ज़ी5 इंडिया और ग्लोबल के बिज़नेस हेड किड्स डिविज़न, चंदन खंडेलवाल ने कहा, किडजी के साथ हम बच्चों के लिए एक सुरक्षित और खुशहाल दुनिया बना रहे हैं, जहाँ वे भारतीय संस्कृति से जुड़ी कहानियाँ देख सकें—ऐसी कहानियाँ जो कल्पना को उड़ान दें, अच्छे मूल्यों को बढ़ावा दें और सार्थक मनोरंजन दें. 'छोटे तारा का बड़ा गदर' और फेब5 जैसी ओरिजिनल सीरीज़ के ज़रिए हम मनोरंजन और सीख को एक उद्देश्य के साथ जोड़ रहे हैं, ताकि बच्चों को मज़ेदार और मूल्यों से भरी कहानियाँ मिलें, जो बिना उपदेश दिए सिखाती हैं।इसके साथ ही बच्चों को छोटा भीम जैसे पसंदीदा शो और वे अंतरराष्ट्रीय हिट्स भी मिलेंगे जिन्हें वे पहले से ही पसंद करते हैं.

### कॉइन एक्सपो में मुद्राशास्त्री गिरीश आमंत्रित



**इंदौर.** आगामी 2 से 4 जनवरी तक कोलकाता के वीआईपी रोड स्थित सप्तपर्णी बैंक्वेट हॉल पर कोलकाता कॉइन एक्सपो 2026 का बड़ा आयोजन होने जा रहा है. यह छठी वार्षिक प्रदर्शनी और सम्मेलन के रूप में आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य को भी प्राचीन दुर्लभ भारतीय मुद्राओं पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया है. प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के सूत्रधार माणिक साहा, डॉ. उज्जवल साहा एवं शैलेन घोष ने बताया कि इस अवसर पर देश के सभी प्रमुख जाने-माने मुद्रा संग्राहक और विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए गए हैं. कार्यक्रम में 4 जनवरी को गिरीश शर्मा आदित्य को वांगिया मुद्रा रत्न पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा. गिरिश शर्मा को अब तक 32 लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं. कोलकाता में उन्हें 33वां सम्मान मिलेगा.

### अमेजन बाजार के अल्ट्रा-अफोर्डेबल फेस्टिव प्रोडक्ट्स

**इंदौर.** छुट्टियों का मौसम नजदीक आते ही देशभर के ग्राहक क्रिसमस और न्यू ईयर के जश्न की खरीदारी में जुट गए हैं. अमेजन बाजार आपकी सभी फेस्टिव जरूरतों के लिए एक भरोसेमंद और किफायती प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है. गिफ्टिंग आइटम्स से लेकर होम डेकोर, पार्टी आउटफिट्स से लेकर जरूरी एक्सेसरीज तक, यहां 2 करोड़ से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर बेहद आकर्षक कीमतें मिल रही हैं. इस हॉलिडे सीजन में अमेजन बाजार पर सबसे ज्यादा कार्ट में कुछ प्रमुख प्रोडक्ट्स जोड़े गए हैं. क्रिसमस थीम वाले सिरेमिक मग के साथ अपनी रोज़ की चाय-कॉफी में फेस्टिव रंग जोड़ें. यह उपयोगी होने के साथ-साथ एक बेहतरीन सीक्रेट सैंटा गिफ्ट भी है. अपने गिफ्टिंग कलेक्शन में फेस्टिव चमक जोड़ने के लिए यह आकर्षक लैंप एक शानदार विकल्प है. हल्का, स्टाइलिश और देखने में बेहद सुंदर यह लैंप रोज़मर्रा की उपयोगिता के साथ त्योहारों की खुशियां भी लेकर आता है.

### पावरअप मनी ने सीरीज़-ए राउंड में 12 मिलियन डॉलर जुटाए

**इंदौर.** म्यूचुअल फंड सलाह देने वाली वेल्थटेक प्लेटफॉर्म पावरअप मनी ने आज घोषणा की कि उसने सीरीज़-ए फंडिंग राउंड में 12 मिलियन डॉलर जुटाए हैं. इस राउंड का नेतृत्व पीक एक्सवी ने किया, जबकि मौजूदा निवेशकों एक्सेल, ब्लूम वेंचर्स और केएई कैपिटल ने अपने पहले के निवेश पर भरोसा जताते हुए दोबारा निवेश किया. इसके अलावा 8आई वेंचर्स और डेवसी का समर्थन भी इस राउंड में जारी रहा. यह फंडिंग कंपनी द्वारा 712 मिलियन डॉलर की सीड फंडिंग जुटाने के महज छह महीने बाद आई है. पावरअप मनी के संस्थापक और सीईओ प्रतीक जिंदल ने कहा उच्च गुणवत्ता और निष्पक्ष म्यूचुअल फंड सलाह किसी खास वर्ग तक सीमित नहीं होनी चाहिए. जैसे-जैसे ज्यादा भारतीय म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं, असली कमी भरोसेमंद और शोध-आधारित सलाह तक पहुंच की है, जो निवेशकों को अनुशासित और दीर्घकालिक फैसले लेने में मदद करे. यह फंडिंग हमें अपनी सलाहकार और रिसर्च क्षमताओं को मजबूत करने, पावरअप एलिट को विस्तार देने और पावरअप इनफिनिट लॉन्च करने में सक्षम बनाएगी.

### अभिजय शर्मा का प्रेम गीत नूर हुआ रिलीज़

**इंदौर.** 'ऑब्सेस्ड' की जबरदस्त सफलता और आई-पॉप स्टार एस1 के बाद अपने सफर को आगे बढ़ाते हुए सिंगर-कंपोज़र-प्रोड्यूसर अभिजय शर्मा ने अपना नया प्रेम गीत, 'नूर' पेश किया है. यह बहुत ही दिलकश और भावुक प्रेमगीत है, जिसकी रिलीज़ ने इंटरनेट और कलाकार समुदाय में खलबली मचा दी है. गीत के बारे में अभिजय ने कहा नूर इस साल मुझमें हुए परिवर्तन के बाद मेरा पहला गीत है. यह मेरे लिए एक सुरक्षित स्थान बन गया है. मेरे लिए यह गाना प्यार के एक शुद्ध रूप के बारे में है, जिसमें आप किसी के प्रति इतनी गहराई से समर्पित हो जाते हैं, कि आप दोनों की आत्माएं एक दूसरे का प्रतिबिंब बन जाती हैं. यह मेरे लिए सबसे ईमानदार संगीत है. इसे रिलीज़ करके ऐसा महसूस हो रहा है जैसे मैंने अंततः लोगों के सामने अपना वह पहलू रखा है, जो अभी तक मैंने छिपाकर रखा था.



## वामा साहित्य मंच की तरंग गोष्ठी में गूंजी हिंदी की वैश्विक वाणी

**इंदौर.** प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था वामा साहित्य मंच द्वारा हाल ही में तरंग गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस विशेष संगोष्ठी में देश-विदेश में निवास कर रहीं अप्रवासी महिला साहित्यकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का मुख्य विषय देश-विदेश में हिंदी का स्थान रखा गया, जिसके माध्यम से विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में हिंदी की वर्तमान स्थिति और उसकी लोकप्रियता पर गहन चर्चा की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वाती जोशी (पुणे) द्वारा प्रस्तुत मधुर सरस्वती वंदना से हुआ.

गोष्ठी का कुशल संचालन लखनऊ से अंजू निगम द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण आयोजन में तकनीकी सहयोग प्रतिभा जैन ने प्रदान किया. इस संवाद सत्र में यूएस से रेखा मंडलोई और सिंगापुर से सोनल शर्मा जैसी प्रवासी लेखिकाओं ने विदेशी धरती पर हिंदी के प्रति बढ़ते लगाव और चुनौतियों को साझा किया. वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से श्रुति मेहता (मुंबई), कल्पना दुबे व रंजना जोशी (खंडवा), मंजिरी पुणतांबेकर (बड़ोदरा) और माया बेदका (उज्जैन) ने अपने-अपने क्षेत्रों में हिंदी के प्रभाव पर विचार रखे. इंदौर से हंसा मेहता ने विदेशो में प्रवास के दौरान हिंदी भाषा के वर्चस्व को सबके बीच रखा. कार्यक्रम के अंत में सिंगापुर से जुड़ी सोनल शर्मा ने आभार माना. आयोजन को सफल बनाने में संस्था की अध्यक्ष ज्योति जैन और सचिव स्मृति आदित्य का विशेष मार्गदर्शन रहा. आभार सोनल शर्मा सिंगापुर ने व्यक्त किया.

## मतदाता सूची के दावे-आपत्ति प्राप्त करने बनाए 58 केन्द्र

▶ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न



**इंदौर.** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेजी से जारी है. निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले में आज प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया. प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्राप्त करने का कार्य आगामी 22 जनवरी तक चलेगा. इसके लिये जिले में 58 केन्द्र बनाये गये हैं. केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिये बैठने, पेयजल, छाया आदि मूलभूत सुविधाएं की गई हैं.

यह जानकारी आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दी गई. बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष रोल पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारत सरकार के संयुक्त सचिव ब्रजमोहन मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद थे. बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर आर.के. पाण्डे सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

**नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस**-बैठक में बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं. नोटिस के पश्चात उनकी निर्धारित स्थानों पर सुनवाई कर मतदाता सूची में नाम शामिल करने और नहीं करने के संबंध में विधिवत आदेश जारी किया जाएगा. जिले में नो मेपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 1 लाख 33 हजार 696 है.राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को कलेक्टर शिवम वर्मा ने मतदान केन्द्रों की सूची सौंपी.

### ये दस्तावेज करना होंगे प्रस्तुत

बैठक में अजीत श्रीवास्तव ने बताया कि नो मेपिंग वाले मतदाता निर्धारित दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थानों पर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 से लेकर 1 जुलाई 1987 के बीच जन्म लेने वाले आवेदक को चिन्हित 12 दस्तावेजों में से एक दस्तावेज देना होगा. इसके पश्चात 1 जुलाई 1987 से 2003 के बीच जन्म लेने वाले आवेदक को स्वयं के साथ माता या पिता का दस्तावेज भी देना जरूरी होगा. इसी तरह इसके बाद एक जनवरी 2003 के पश्चात जन्म लेने वाले आवेदक को स्वयं के साथ ही माता-पिता दोनों का भी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है.

### 76 अतिरिक्त अधिकारियों की नियुक्ति

बैठक में जानकारी दी गई कि निर्धारित स्थानों पर नोटिस तथा दावा-आपत्ति के निराकरण हेतु 76 अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई. अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुनवाई हेतु कुल 58 सुनवाई का स्थान नियत किए गए. सुनवाई के लिए आने वाले मतदाताओं के लिए समुचित बैठक व्यवस्था की गई है.

## दैनिक जीवन में गणित के महत्व को बताया

▶ राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



**इंदौर.** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके अंतर्गत गणित विषय के विभागाध्यक्ष तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया.

महाविद्यालय के गणित विषय के विभागाध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी द्वारा दैनिक जीवन में सुबह उठने से लेकर रात्रि सोने तक गणित की उपस्थिति और महत्व को बताया. साथ ही उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा और इतिहास में पृथ्वीराज चौहान एवं मोहम्मद गोरी के प्रसंग से गणित के उपयोग और प्रयोगों के बारे में बताया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने गणित के महत्व पर सारगर्भित रूप से प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अगली कड़ी में गणित विषय के विशेषज्ञ लोक सेवा आयोग के उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. गजेंद्र उज्जैनकर को व्याख्यान हेतु आमन्त्रित किया. उन्होंने अपने व्याख्यान में गणित में भारतीय ज्ञान परंपरा के प्राचीन आचार्यों बौधायन, पिंगल, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य के बारे में विस्तृत जानकारी देकर, गणित में उनके अतुल्य योगदान के बारे में बताया. अपने वक्तव्य में श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गणित में उनके योगदान, हार्डी-रामानुजन नम्बर (1729) की कहानी, और श्रीनिवास रामानुजन के विचार 'मेरे लिए गणित के उस सूत्र का कोई मतलब नहीं है जिससे मुझे आध्यात्मिक विचार न मिलते हो' से गणित और भारतीय ज्ञान परंपरा में अंतर्संबंध को बताया.

### प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी

डॉ. उज्जैनकर ने कॉपरेटर कॉन्स्टेंट, कुछ प्रश्नों और प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी देकर छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया. संचालन डॉ. नीरज चौहान और आभार डॉ. सुधीर कुमार छारी द्वारा माना.



## इंदौर से शिर्डी की 13 दिवसीय पदयात्रा पर रवाना हुए साईं भक्त

**इंदौर.** केन्द्रीय सांई सेवा समिति से जुड़े साईं भक्तों का एक बड़ा काफिला मंगलवार को 13 दिवसीय पदयात्रा करते हुए बड़ा गणपति मंदिर पर पूजा, अर्चना एवं दर्शन के पश्चात शिर्डी के लिए प्रस्थित हुआ. केन्द्रीय साईं सेवा समिति के संस्थापक हरि अग्रवाल एवं समाजसेवी अशोक गोयल ने साईं भक्तों का स्वागत कर उन्हें शिर्डी यात्रा के लिए भावपूर्ण बिदाई दी. यात्रा के पूर्व सभी साईं भक्तों ने अभिभाषक एवं साईं भक्त सुश्री विनिता पाठक को श्रद्धांजलि समर्पित की. साईं भक्त इस यात्रा में कड़ाके की शीत लहर को देखते हुए मार्ग में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण भी करेंगे.

पदयात्रा का यह 19वां वर्ष है. समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, छत्रीबाग जन सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश मोटवानी एवं शेखर ठाकुर ने बताया कि इस 13 दिवसीय पदयात्रा का समापन शिर्डी में 4 जनवरी को सुबह साईं बाबा के दर्शन एवं पूजन के साथ होगा. मार्ग में आने वाले सभी प्रमुख शहरों एवं कस्बों में साईं भक्तों का आत्मीय स्वागत भी किया जाएगा. यात्रा संयोजक प्रदीप यादव एवं समीर जोशी के साथ मुख्य रूप से सुनील वालेकर, वासुदेव चावड़ा, ज्ञानेश्वर होलकर, संतोष भुसारी, राज शाहू, संजय कड़े, ऋतिक गौड़ सहित अनेक साईं भक्त पूरे मार्ग में साईं भक्तों के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं संभालेंगे.



## उत्कृष्ट विद्यार्थी व खेल प्रतिभाओं का सम्मान

**इंदौर,** विद्या विजय बाल मंदिर का वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धरोहर- हमारी संस्कृति, हमारी विरासत थीम पर मनाया गया, जिसमे बच्चों द्वारा महाभारत , रामायण, कलयुग, विठ्ठल, बॉलीवुड, साइबर क्राइम ड्रामा, टॉलीवुड डांस एवं अन्य प्रस्तुति विद्यालय के छात्र -छात्रों द्वारा दी गई. योगा एवं ताइक्कांडो की विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई.

बोर्ड एग्जामिनेशन 2025 के 85% उत्तीर्ण एवं खेल के अचीवर्स के छात्र-छात्राओं, को समानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामकिशोर दोगने एमएलए हरदा, सुधांशु विजयवर्गीय संचालक एस्टल कालेज, डॉ नलिनी दोगने स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ कुणाल दोगने- संचालक विद्या विजय बाल मंदिर, वीरेंद्र पवार- विश्वामित्र अवॉर्डी, एवं प्राचार्य भुवनेश गीते उपस्थित रहे. अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं कक्षा 10वीं 12वीं बोर्ड के अचीवर्स विद्यार्थियों एवं खेल प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। संचालन चांदनी पाहुजा व आकांक्षा अरजरिया ने किया. आभार रंजना देशमुख एवं रंजना देशमुख एवं किशन बाटू ने माना.

## एक नजर में

**पिंक फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल ने वार्षिक उत्सव 'गूंज 2025' हर्षोल्लास के साथ मनाया**

## बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह

**इंदौर. पिंक फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 45वां वार्षिक उत्सव 'गूंज 2025' रविंद्र नाट्य गृह में उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया. यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन रहा.**



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. विद्यालय की प्राचार्या शांता सोनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऐका सोनी, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), इंदौर रहीं. अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, योग, ताइक्कांडो, मल्लखंभ, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुति एवं भारत की विभिन्न भाषाओं के लोक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे. किंडरगार्टन के नन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया.

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

इस अवसर पर कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया . कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। अंत में श्रीमती एकता सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया .